सत्यमेव जयते

डॉ. एम. रविचंद्रन
Dr. M. Ravichandran

सचिव
भारत सरकार
पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय
पृथ्वी भवन, लोदी रोड, नई दिल्ली–110003

SECRETARY
GOVERNMENT OF INDIA
MINISTRY OF EARTH SCIENCES
PRITHVI BHAWAN, LODHI ROAD, NEW DELHI-110003

अर्द्धशासकीय पत्र सं. 11017झ/1/2021-हिंदी

दिनांक: 27.12.2021

आदरणीय महोदय / महोदया,

भारत की आजादी के अमृत महोत्सव के अंग के रूप में पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के नेतृत्व में विश्व हिन्दी दिवस (10 जनवरी, 2022) के उपलक्ष्य में भारत सरकार के आठ अन्य मंत्रालयों / विभागों द्वारा विज्ञान भवन, नई दिल्ली में **"हिंदी और विज्ञान: अमृत आह्वान"** विषय पर एक राष्ट्रीय सम्मेलन संयुक्त रूप से आयोजित किया जा रहा है, जिसमें संभवत: भारत सरकार के माननीय गृह एवं सहकारिता मंत्री, श्री अमित शाह जी मुख्य अतिथि होंगे। इस कार्यक्रम में भारत सरकार के सभी मंत्रालयों / विभागों के अधिकारी भाग लेंगे। पल-प्रति-पल कार्यक्रम का विवरण संलग्न है।

यह सम्मेलन इस मायने में ऐतिहासिक कहा जा सकता है कि राजभाषा को केंद्र में रखकर कुछ मंत्रालयों/विभागों का इतना बड़ा आयोजन वास्तव में अन्य मंत्रालयों के लिए एक मिसाल बनेगा। सरकार के अन्य विभागों में आम जनता से जुड़ी हुई योजनाएं/परियोजनाएं भी सार्वजनिक रूप से जनता के सामने पेश की जाएंगी तो उससे न केवल आम जनता को जानकारियां मिलेगी बल्कि ऐसे कार्यक्रमों को लोकोपयोगी बनाने के लिए सरकार को भी फीडबैक प्राप्त होगा। इस प्रकार सरकार और जनता दोनों मिलकर सुशासन का आधार तैयार कर पाएंगी।

उक्त राष्ट्रीय सम्मेलन में स्वतंत्र भारत के गौरवशाली 75 वर्षों में वैज्ञानिक मंत्रालयों द्वारा प्राप्त की गई वैज्ञानिक उपलब्धियों को ऑडियो विजुअल माध्यमों से प्रस्तुत किया जाएगा। इसके साथ ही हिन्दी से जुड़े विभिन्न विषयों पर कई शैक्षिक सत्र आयोजित किए जाएंगे, जिनमें हिन्दी शोधार्थी एवं विद्वजन अपने शोधपत्र प्रस्तुत करेंगे।

अत: मेरा आपसे अनुरोध है कि यदि आप इस समारोह में, विशेष रूप से उद्घाटन सत्र में, स्वयं उपस्थित होकर सम्मेलन की शोभा बढ़ाएंगे तो हमें बहुत खुशी होगी। इसके साथ ही आपसे यह भी अनुरोध है कि अपने मंत्रालय से एक संयुक्त सचिव (राजभाषा प्रभारी) एवं राजभाषा अधिकारियों, और नियंत्रणाधीन प्रत्येक निकाय से कम से कम 4 अधिकारियों (राजभाषा प्रभारी समेत) को इस सम्मेलन में भाग लेने के लिए नामित करें। पंजीकरण की अंतिम तिथि **6 जनवरी, 2022 (बुधवार)** है। पंजीकरण के लिए कृपया नीचे दिए गए लिंक पर क्लिक करें:

https://forms.gle/HNxWj8Q3eUTXjVgKA

Tel. : +91-11-24629771, 24629772 ❑ Fax : +91-11-24629777 ❑ E-mail : secretary@moes.gov.in

देश और दुनिया में ऑमिक्रॉन के आसन्न संकट को देखते हुए कृपया नामित अधिकारियों को यह हिदायत दी जाए कि सम्मेलन में आते समय अपने साथ सम्पूर्ण टीकाकरण प्रमाण पत्र की हार्डकॉपी या डिजिटल कॉपी अवश्य रखें। कोरोना से जंग अभी पूरी नहीं हुई है, इसलिए सभी प्रतिभागियों के लिए कोविड अनुकूल व्यवहार (मास्क पहनना, 2 गज़ की दूरी बनाए रखना और बार-बार अपने हाथों को सैनेटाइज करना) का अनिवार्य रूप से अनुपालन किया जाए।

सभी पंजीकृत प्रतिभागियों को विज्ञान भवन में प्रवेश के लिए निर्धारित प्रवेश पत्र दिनांक **7 और 8 जनवरी, 2022** (शुक्रवार और शनिवार) को पृथ्वी भवन के रिसेप्शन से उपलब्ध कराएं जाएंगे। पंजीकरण करने के बाद प्रतिभागियों को एक सीक्रेट कोड़ प्राप्त होगा। उन्हें अपना प्रवेश पत्र प्राप्त करने के लिए यह सीक्रेट कोड याद रखना होगा।

सादर

आपका

एम. रविचंद्रन

(डॉ. एम रविचन्द्रन)

सेवा में,

भारत सरकार के सभी मंत्रालयों/विभागों के सचिव महोदय/महोदया
(सूची के अनुसार)

Tel. : +91-11-24629771, 24629772 ◻ Fax : +91-11-24629777 ◻ E-mail : secretary@moes.gov.in